**श्री राजेश कुमार (भा.प्र.से.) आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा द्वारा दिनांक-20.2.2026 को पूर्वाह्न 09:30 बजे सदर अस्पताल, सहरसा का किये गये औचक निरीक्षण का निरीक्षण टिप्पणीः-**

आज दिनांक-20.2.2026 को 09:30 बजे पूर्वाह्न में सदर अस्पताल, सहरसा का औचक निरीक्षण किया गया।

1. निरीक्षण के क्रम में लगभग 09:30 बजे पूर्वाह्न में पूछताछ काउंटर बंद पाया गया। इस संबंध में कार्यालय उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, सहरसा से पुछने पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका।
2. सदर अस्पताल, सहरसा के Yellow Zone वार्ड में Admit सभी मरीजों को कम्बल/बेड सीट उपलब्ध नहीं था। एवं जिन मरीजों को को कम्बल/बेड सीट दिया गया था। वह भी काफी गन्दा था।
3. अस्पताल के Yellow Zone वार्ड में Admit मरीज कमलेश्वरी चौधरी, ग्राम-घरमाहा से पूर्वाह्न करीब 09:30 बजे पुछने पर बताया गया कि अभी तक चाय-नास्ता नहीं मिला है।
4. General OT, Orthopaedic OT तथा Gynae OT का निरीक्षण किया गया। तीनों OT चालु अवस्था में एवं साफ-सफाई ठीक पाया गया।
5. अस्पताल के Peon अपने Proper Uniform में नहीं थे।
6. अस्ताल परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। तथा वार्ड के बाहर रखा हुआ Dustbin कुड़ा से भरा हुआ था एवं काफी गन्दा था। इस संबंध में जीविका के सफाई Superviser श्री सोनु कुमार से पुछने पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका। पूछताछ के क्रम में यह पाया गया कि Superviser श्री सोनु कुमार के कार्यकलाप में गंभीरता का अभाव है। इन्हें अपने कार्यकलाप में सुधार लाने का सख्त निदेश दिया जाता है। अन्यथा इनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।
7. अस्पताल में Admit मरीजों से पुछने पर बताया गया कि कोई भी डॉक्टर अभी तक (समय पूर्वाह्न 9:30) Visit करने नहीं आये हैं। इस संबंध में DS स्थिति स्पष्ट करें।
8. अस्पताल में पंजीयण काउंटर पर कुल-05 कर्मियों में से 4 कर्मी ही उपस्थित पाये गये एवं 01 कर्मी श्री मनोज कुमार, डेटा एंट्री ऑपरेटर अनुपस्थित पाये गये। उपस्थित डेटा एंट्री ऑपरेटर से पुछने पर पाया गया कि समय पूर्वाह्न 09:52 बजे तक मात्र 30 लोगों का पंजीयण हुआ है।
9. दवा Counter पर कार्यरत निम्नलिखित कर्मी पूर्वाह्न-09:42 बजे तक अनुपस्थित पाये गये। जो निम्न प्रकार हैं:-
   - प्रेमा कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
   - इन्दू कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
   - अनुराग कुमार, डेटा एंट्री ऑपरेटर
   - सेम्पी कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
   - निरज कुमार, डेटा एंट्री ऑपरेटर
   - देवराज वर्धन, डेटा एंट्री ऑपरेटर

   अधोहस्ताक्षरी द्वारा 10 मिनट तक Wait करने के बाद भी कोई कर्मी उपस्थित नहीं हुये। साथ ही पाया गया कि दवा Counter पर कंप्यूटर उपलब्ध नहीं था। सिर्फ प्रिंटर मशीन लगा हुआ पाया गया। दवा वितरण रूम में भी साफ-सफाई की भी काफी कमी पायी गयी। इस संबंध में अस्पताल के उपाधीक्षक से पुछने पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका।
10. Paedia OPD के डॉक्टर Shri. Athar Iqbal अपने कक्ष से अनुपस्थित पाये गये।
11. आर्थो वाह्य विभाग के डॉक्टर श्री अनिल कुमार अपने कक्ष से अनुपस्थित पाये गये। जबकि उनके कक्ष के बाहर काफी संख्या में मरीज उनसे दिखाने हेतु प्रतीक्षा में थे।
12. सर्जिकल वाह्य विभाग के डॉक्टर श्री नीरज कुमार नीरव अनुपस्थित पाये गये।
13. महिला OPD के डॉक्टर Shmt. Prabha Verma अपने कक्ष से अनुपस्थित पाये गये।
14. टीकाकरण कक्ष में सभी कर्मी उपस्थित पाये गये। एवं कक्ष के अंदर साफ-सफाई भी ठीक था।

Scanned with OKEN Scanner

15. Ultrasound की 01 मशीन अस्पताल में उलब्ध है। Ultrasound कक्ष में उपस्थित डॉक्टर से पुछने पर बताया गया कि Ultrasound का रिपोर्ट Offline माध्यम से हाथ से भरकर दिया जाता है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा Online सुविधा बहाल करने का निदेश दिया गया।

---

**निरीक्षण के उपरांत निम्नांकित निदेश दिया जाता है :-**

1. आज के निरीक्षण में अनुपस्थित निम्नांकित चिकित्सकों को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया जाता है:-
    1. Shri. Athar Iqbal.
    2. Shri. Anil Kumar.
    3. Shri. Niraj Kumar Nirav.
    4. Shmti. Prabha Verma.

    स्पष्टीकरण कार्यालय उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, सहरसा के माध्यम से उपलब्ध कराने का निदेश दिया जाता है। भविष्य में अनुपस्थित पाये जाने पर चिकित्सों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाऐगी।

2. आज के निरीक्षण में अपने कार्य से अनुपस्थित निम्नांकित कर्मियों का आज का वेतन/मानदेय स्थगित करते हुए उन्हें इस आशय का आदेश दिया जाता है कि भविष्य में अपने कार्य से अनुपस्थित रहने की स्थिति में उनकी संविदा सेवा समाप्त कर दी जायेगी। इस संबंध में सिविल सर्जन/जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से उक्त सभी कर्मियों को अलग-अलग नोटिस निर्गत करते हुए प्रति आयुक्त कार्यालय में उपलब्ध करायेंगेः-
    1. प्रेमा कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
    2. इन्दू कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
    3. अनुराग कुमार, डेटा एंट्री ऑपरेटर
    4. सेम्पी कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
    5. निरज कुमारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर
    6. देवराज वर्धन, डेटा एंट्री ऑपरेटर
    7. नीतु भारती, पूछताछ काउंटर कर्मी
    8. अमर कान्त, फार्मासिस्ट

3. अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। जीविका सुपरवाईजर सोनु कुमार को कार्य में सुधार लाने हेतु सिविल सर्जन/जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से नोटिस निर्गत किया जाय।
4. अस्पताल के Peon अपने Proper Uniform में रहेंगे।
5. सभी मरीजों को साफ-सुथरा कम्बल/बेड सीट उपलब्ध करायेंगे। एवं समय से मरीजों को चाय/नास्ता/भोजन दिया जाय। निरीक्षण के दौरान खान-पान के जीविका सुपरवाईजर अनुपस्थित पाये गये। अतः इनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर सिविल सर्जन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करावें।
6. उपाधीक्षक को आदेश दिया जाता है कि अस्पताल के जो डॉक्टर/कर्मी ससमय अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं होते हैं उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करेंगे। तथा ऐसे अनुपस्थित कर्मियों का दैनिक प्रतिवेदन अगले 15 दिनों तक प्रमंडलीय ई-मेल divcom-koshi-bih@nic.in पर प्रतिदिन 09 बजे पूर्वाह्न में भेजेंगे।

ह0/-
आयुक्त
कोशी प्रमंडल, सहरसा

ज्ञापांक- 1508 सहरसा, दिनांक- 20-2-2026

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः- सिविल सर्जन, सहरसा/उपाधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः- सभी अनुपस्थित कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Raj K.
20/2/2026.
आयुक्त
कोशी प्रमंडल, सहरसा

Scanned with OKEN Scanner